प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- 16वां राष्ट्रीय रोजगार मेला आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे–जयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर में भी रोजगार मेले का आयोजन।

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज कोटा दौरे पर–आईआईटी कोटा के चौथे दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगें।

- राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से जल्द ही राज्य पर्यटन पुरस्कार शुरू किए जाएंगे।

- प्रदेश के ज्यादातर इलाके अच्छी बारिश से तरबतर–आज 17 जिलों में भारी बारिश के आसार।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 16वें रोजगार मेले में सुबह 11 बजे से विभिन्न मंत्रालयों और विभागों तथा संगठनों के नवनियुक्त युवाओं को ये नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्तों को सम्बोधित भी करेंगें। देशभर के 47 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले सरकार की रोजगार सृजित करने की प्रतिबद्धता की दिशा में अहम पहल है। देशभर में हुए रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं। प्रदेश में ये रोजगार मेला जयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे के 585 सहित अन्य विभागों के कुल 742 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेगें। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होने वाले रोजगार मेले में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव नियुक्ति पत्र प्रदान करेगें।

00000

आईआईटी कोटा का चौथा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जायेगा। कोटा के रानपुर स्थित आईआईटी कैम्पस में होने वाले समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड शिरकत करेगें। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी मौजूद रहेंगे। समारोह समन्वयक प्रोफेसर के.के. शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 185 विद्यार्थियों को बीटेक की उपाधी दी जायेगी। वहीं चार विद्यार्थियों को एमटेक की डिग्री दी जायेगी। इन सभी ने एआई और डेटा सांइस में विशेषज्ञता हांसिल की है।

000

जैसलमेर में वन विभाग ने हरियालों राजस्थान अभियान के तहत 40 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इससे रेगिस्तानी जिले को हरा भरा बनाने की कवायद की जायेगी। वन विभाग के उपवन अधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि ये पौधे 2 हजार 580 हैक्टेयर भूमि पर लगाये जायेंगे। इनमें से लगभग 13 लाख पौधे वन विभाग की ओर से रोंपे जायेंगे।

....

00000

राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से जल्द ही राज्य पर्यटन पुरस्कार शुरू किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने कल जयपुर के एक होटल में भारतीय जिम्मेदार पर्यटन राज्य पुरस्कार राजस्थान 2025 के तीसरे संस्करण के आयोजन के अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को ये पुरस्कार दिये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2024 में प्रदेश में 23 करोड़ से ज़्यादा घरेलू यात्री और 21 लाख विदेशी पर्यटक आये। इसी के साथ राजस्थान देश में पांचवां सबसे अधिक पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया जाने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन में महिलाओं की भूमिका का विस्तार किया जा रहा हैं, जिसमें होमस्टे का प्रबंधन भी शामिल है।

00000

प्रदेश के ज्यादातर इलाके अच्छी बारिश से तरबतर है। भीलवाडा में बीती रात कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बरसात हुई। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा, खंडार, बोली और गिलाई सागर बांध सहित कई स्थानों पर झमाझम बरसात हुई। बारिश से रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित अमरेश्वर महादेव का झरना तेजी से बह रहा है। चूरू में तेज बारिश से कई घरों और दुकानों में पानी भर गया। उधर पश्चिमी राजस्थान में भी मॉनसून की सक्रियता से बरसात का सिलसिला शुरू हो गया है। बालोतरा में कल देर शाम बरसात हुई। वहां आज भी बादल छाये हुए है। जालोर में रातभर रूक–रूक कर बरसात होती रही। पाली में तेज हवाओं के साथ करीब 45 मिनट तक बादल बरसे। इससे निचली बस्तियों में पानी भर गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाडमेर में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बरसात हुई। इससे कई जगह पेड़ गिर गये।

......

मौसम विभाग ने आज 17 जिलों में भारी बारिश की संभावना जतायी है। वहीं कोटा और झालावाड में अति भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चार–पांच दिन अच्छी बारिश का सिलसिला जारी रहने के आसार है।

00000

कोटा में आज से 36वीं राज्यस्तरीय ओप जूनियर तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। तीन दिन की इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 से अधिक जिलों के लगभग 300 तैराक भाग लेंगे। इसमें 50, 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक और फ्री स्टाइल रिले की स्पर्धाएं होंगी। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं दो ग्रुप में होंगी।

00000